## जून 2003 में जारी संशोधित अग्रिम अनुमानों और जनवरी 2004 में जारी त्वरित अनुमानों के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2002-03 की वृद्धि दर में संशोधन के कारण

| क्षेत्र | स.घ.उ. में वृद्धि 2002-03 | | अनुमानों में संशोधन के कारण |
|---|---|---|---|
| | जून 2003 | जनवरी 2004 | |
| 1. कृषि,वानिकी एवं मत्स्यन | -3.2 | -5.2 | वर्ष 2002-03 के लिए जून 2003 में खाद्यान्नों, तिलहन एवं कपास का उत्पादन क्रमशः 182.7 मिलियन टन, 15.75 मिलियन टन एवं 9.31 मिलियन गांठ अनुमानित किया गया था जबकि त्वरित अनुमानों के जारी सकते समय इनका उत्पादन क्रमशः 174.19 मिलियन टन, 15.06 मिलियन टन एवं 8.72 मिलियन गांठ ही रहा । वर्ष 2002-03 के लिए जून 2003 मे मत्स्य उत्पादन 65.8 लाख टन अनुमानित किया गया था जो कि 62.02 लाख टन ही रहा । |
| 2. खनन एवं उत्खनन | 5.0 | 8.8 | जून 2003 एवं जनवरी 2004 के अनुमानों के लिए खनन क्षेत्र के वर्ष 2002-03 के सूचकांक की वृद्धि दर में कोई परिवर्तन नहीं है । संशोधन, खनिजवार विस्तृत आंकड़ों की उपलब्धता विशेषतः अपरिष्कृत पैट्रोल एवं कोयला के कारणों से है । |
| 3. विनिर्माण | 6.1 | 6.2 | सीमांत परिवर्तन |
| 4. बिजली, गैस एवं जल आपूर्ति | 3.9 | 3.8 | — वही — |
| 5. निर्माण | 7.2 | 7.3 | सीमांत परिवर्तन |
| 6. व्यापार,.होटल एवं जलपान गृह | 4.9 | 4.5 | कृषि उत्पादन एवं निजी निगमित क्षेत्र के अनुमानों में गिरावट के कारण है । |
| 7. परिवहन, भण्डारण एवं **संचार** | 13.1 | 11.6 | अधोमुखी संशोधन, (क) सार्वजनिक क्षेत्र के जल परिवहन, (ख) भंडारण क्षेत्र एवं (ग) संचार क्षेत्र के जीडीपी में अप्रत्याशित गिरावट के कारण है । |
| 8. वित्त व्यवस्था, बीमा, स्थावर संपदा एवं व्यावसायिक सेवाएं | 6.1 | 8.8 | सकल वर्धित मूल्य में वृद्धि बीमा क्षेत्र एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के सकल वर्धित मूल्य (जीडीपी) में सकारात्मक वृद्धि के कारण है । नवीन आंकडों के अभाव में जून, 2003 के अनुमान विगत वर्ष की विकास दर पर आधारित थे । बीमा क्षेत्र के जीवन बीमा एवं अन्य बीमा क्षेत्र में महत्वपूर्ण वृद्धि दर के कारण है । |
| 9. सामुदायिक, सामाजिक एवं वैयक्तिक सेवाएं | 6.8 | 5.8 | — |
| 10.कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद | 4.3 | 4.0 | — |

# जनवरी 2003 में जारी त्वरित अनुमानों और जनवरी 2004 में जारी अनुमानों के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2001-02 की वृद्धि दर में संशोधन के कारण

| क्षेत्र | स.घ.उ. में वृद्धि 2001-02 | | अनुमानों में संशोधन के कारण |
|---|---|---|---|
| | जनवरी 2003 | जनवरी 2004 | |
| 1. कृषि | 5.7 | 6.7 | संशोधन खाद्यान्नों, तिलहनों, रेशों, फलों और सब्जियों, पशुधन क्षेत्र एवं लागत अनुमानों के संशोधन के कारण है । |
| 2. वानिकी और लटठे बनाना | 2.2 | 1.4 | अधोमुखी संशोधन राज्य सरकारों से मुख्य एवं गौण वन उत्पादों और जलाऊ लकड़ी संबंधी विस्तृत आंकड़ों की उपलब्धता के कारण हैं । |
| 3. मत्स्यन | 8.1 | 6.5 | अधोमुखी विकास दर के कारण है। |
| 4. खनन और उत्खनन | 1.0 | 2.2 | उर्ध्वगामी संशोधन मुख्य खनिजों के मूल्य और उत्पादन संबंधी संशोधित आंकड़ों, गौण खनिजों की मात्रा एवं मूल्य संबंधी नए आंकड़ों की प्राप्ति और फिजिम के अनुमानों में संशोधन के कारण है । |
| 5. पंजीकृत विनिर्माण | 4.4 | 4.6 | सीमांत संशोधन फिजिम (FISIM) के अनुमानों में संशोधन के कारण है । |
| 6. अपंजीकृत विनिर्माण | 1.5 | 1.8 | — वही — |
| 7. बिजली, गैस और जल आपूर्ति | 4.3 | 3.6 | अनुमानों में अधोगामी संशोधन<br>(i) बिजली एवं गैस उपक्षेत्र के फिजिम (FISIM) के अनुमानों में संशोधन के कारण है एवं<br>(i) जल आपूर्ति क्षेत्र के राज्य बजट दस्तावेजों के आधार पर संशोधित अनुमानों के कारण है । |
| 8. निर्माण | 3.7 | 3.1 | स्टील की खपत में गिरावट के कारण है । |
| 9. व्यापार | 8.7 | 8.4 | संशोधन, वस्तु उत्पादन क्षेत्र पर आधारित सकल व्यापार आय के सूचकांक में परिवर्तन एवं प्रदत्त पूंजी के संशोधित आंकड़ों की उपलब्धता के कारण है । |
| 10. होटल और रेस्टोरेंट | 11.2 | 12.0 | — वही — |
| 11. रेलवे | 6.0 | 7.0 | संशोधन प्रति टन माल भाड़ा में वृद्धि के कारण है । |
| 12. अन्य साधनों के द्वारा परिवहन | 3.9 | 3.9 | — |
| 13. भण्डारण | -0.8 | -0.6 | सीमांत संशोधन है । |
| 14. **संचार** | 17.0 | 16.9 | — वही — |
| 15. बैंकिंग और बीमा | 3.4 | 3.5 | — वही — |
| 16. स्थावर संपदा, निवास-गृहों का स्वामित्व, व्यवसाय और विधिक सेवाएं | 5.7 | 5.7 | — |
| 17. लोक प्रशासन और रक्षा | 2.9 | 3.0 | सीमांत संशोधन है । |
| 18. अन्य सेवाएं | 7.7 | 7.8 | — वही — |
| 19. कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद | 5.6 | | — |

## जनवरी 2003 में जारी अनुमानों और जनवरी 2004 में जारी अनुमानों के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2000-01 की वृद्धि दर में संशोधन के कारण

| क्षेत्र | स.घ.उ.में वृद्धि 2000-01 | | अनुमानों में संशोधन के कारण |
|---|---|---|---|
| | जनवरी 2003 | जनवरी 2004 | |
| 1. कृषि | -0.6 | -0.4 | सीमांत संशोधन, अनाज समूह में संशोधन के कारण है । |
| 2. वानिकी और लटठे बनाना | 2.6 | 2.4 | संशोधन, मुख्य एवं गौण वन उत्पादों पर विस्तृत आंकड़ों की उपलब्धता और राज्यों से जलाऊ लकड़ी के आंकड़ों की उपलब्धता के कारण है । |
| 3. मत्स्यन | 2.2 | 4.0 | संशोधन समुद्री मछली संबंधी अद्यतन आंकड़ों की उपलब्धता के कारण है । |
| 4. खनन और उत्खनन | 2.4 | 2.4 | — |
| 5. पंजीकृत विनिर्माण | 7.7 | 7.9 | उद्योग समूह 38 (अन्य विनिर्माण) के अनुमानों में संशोधन के कारण सीमांत संशोधन किया गया है । |
| 6. अपंजीकृत विनिर्माण | 6.6 | 6.6 | — |
| 7. बिजली, गैस और जल आपूर्ति | 5.0 | 4.3 | बिजली और जल आपूर्ति उप क्षेत्रों संबंधी आंकड़ों में अधोमुखी संशोधन राज्य बजट दस्तावेजों के विस्तृत वार्षिक लेखों की उपलब्धता के कारण हैं । |
| 8. निर्माण | 6.9 | 6.7 | संशोधन सीमांत हैं । |
| 9. व्यापार | 3.9 | 3.8 | — वही — |
| 10. होटल और रेस्टोरेंट | 6.9 | 6.8 | — वही — |
| 11. रेलवे | 4.3 | 4.3 | — |
| 12. अन्य साधनों द्वारा परिवहन | 6.6 | 6.7 | संशोधन सीमांत हैं । |
| 13. भण्डारण | 3.1 | 3.1 | — |
| 14. संचार | 26.8 | 26.8 | — |
| 15. बैंकिंग और बीमा | -1.2 | -1.2 | — |
| 16. स्थावर संपदा, निवास गृहों का स्वामित्व, व्यवसाय और विधिक सेवाएं | 9.2 | 9.2 | — |
| 17. लोक प्रशासन और रक्षा | 2.5 | 2.3 | अनुमानों में संशोधन कुछ राज्यों के लिए अनंतिम अनुमानों के बजाए लेखों के विस्तृत विश्लेषण और संशोधित अनुमानों के बजाए वास्तविक अनुमानों के प्रयोग के कारण हैं । |
| 18. अन्य सेवाएं | 8.1 | 7.7 | अन्य सेवाएं क्षेत्र के अनुमानों के सार्वजनिक क्षेत्र में संशोधन के कारण हैं। |
| 19. कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद | 4.4 | 4.4 | — |